Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding conservation of wild animals in Guna, Madhya Pradesh.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): सभापति महोदय, धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गुना के आवारा पशुओं की समस्या की ओर आकर्षित करवाना चाहता हूँ, जिससे ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्र भी प्रभावित है । क्षेत्र में लगातार पशुओं की वृद्धि को देखते हुए किसान अपनी फसलों का संरक्षण नहीं कर पा रहे हैं । सड़कों से लेकर शहरों में, बाजारों में और खेतों में घूम रहे आवारा पशुओं के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित होती हैं, जिससे पशु और मानव जीवन प्रतिदिन मौत के मुँह में जा रहा है । किसानों की मेहनत से लहलहाती फसलें आवारा पशुओं की भेंट चढ़ रही हैं । कई धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों पर आवारा पशु व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं, जो कि पर्यटकों के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है । इस अव्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में गौ अभ्यारण्य या वन्य जीव अभ्यारण्य की स्थापना की जाए, जिससे आवारा पशुओं का संरक्षण हो सके और उक्त समस्या से क्षेत्र की जनता को निजात मिल सके ।